शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज
जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)– 497220

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)
प्रथम बैठक

दिनाँक 17–03–2018, दिन–शनिवार

दिनाँक 08–03–2018 को गठित महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की प्रथम बैठक का आयोजन आज दिनाँक 17–03–2018 को दोपहर 3.00 बजे से चैयरमेन की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में आयोजन हुई । बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओ पर विचार किया गया। बैठक की कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है–

1. बैठक में सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. आर.एस. अग्रवाल ने आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की प्रथम बैठक में शामिल सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये महाविद्यालय के सफल संचालन , शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और महाविद्यालय के विकास में IQAC की भूमिका, कार्यपद्धति और महत्व को रेखांकित किया।
2. IQAC संयोजक डॉ. आर.बी. सोनवानी ने दिनाँक 14–03–2018 को प्रसारित बैठक एजेन्डा की बिन्दुवार जानकारी दी ।
3. प्रकोष्ठ ने महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों पर विचार किया और यह निर्णय लिया गया कि संसाधनों की उपलब्धता को शीघ्रता से बढ़ाया जाये। जिससे शैक्षणिक और प्रशासनिक गुणवत्ता को और बेहतर किया जा सके।
4. महाविद्यालय में वार्षिक परीक्षा सत्र 2017–18 के सफल व पारदर्शी व प्रभावशाली संचालन के लिए सभी ने अपने –अपने दायित्व के प्रभावी निर्वहन का संकल्प लिया ।

5 महाविद्यालय में फैकल्टी के प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए श्री शनि कुमार धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) और श्री रमेश कुमार खैरवार, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) को ओरियन्टेशन प्रोग्राम में भेजने का निर्णय लिया गया।

6 महाविद्यालय परिसर में बन रहे नवीन भवन का कार्य तेजी से पूर्ण हो इसके लिए PWD विभाग, रामानुजगंज से सतत सम्पर्क कर कार्य तेजी से पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया।

7 महाविद्यालय में कम्प्यूटर एप्लिकेशन के क्षेत्र में BCA प्रोग्राम को सत्र 2018–19 से शुरू करने की स्वीकृति शासन के आदेश दिनांक 15–03–2018 द्वारा प्राप्त हुई । इसके लिए सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की साथ ही BCA प्रोग्राम को शुरू करने के लिए आवश्यक अधोसंरचना विकसित करने का निर्णय लिया गया।

8 छात्र–छात्राओं के द्वारा कैश में शुल्क भुगतान की समस्या समाधान के लिए online पेमेंन्ट सिस्टम (SBI Collect) के अच्छे परिणाम पर खुशी जतायी गयी साथ ही छात्र –छात्राओं के मध्य इसे प्रचारित करने व इसके लाभ बताये जाने का निर्णय लिया गया ।

9 नये शैक्षणिक सत्र 2018–19 के लिए महाविद्यालय का अपना एक आन्तरिक अकादमिक कैलेण्डर जारी किया जाये जो उच्च शिक्षा विभाग छतीसगढ़ के द्वारा जारी अकादमिक कैलेण्डर के अनुरूप हो । इस आन्तरिक अकादमिक कैलेण्डर को निर्मित करने का दायित्व IQAC संयोजक डॉ. आर. बी. सोनवानी को देने का निर्णय हुआ ।

10 महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के लिए नये सत्र 2018–19 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन के लिए Full Bright Class के आयोजन का निर्णय लिया गया।

अंत में महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए दृढ़ निश्चय व्यक्त किया गया साथ ही IQAC कोआर्डिनेटर ने आभार ज्ञापित किया । इसी के साथ प्राचार्य की अनुमति से आज की बैठक समाप्त हुई । आज दिनाँक 17–03–2018 की इस बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे ।

1 श्री अगस्टिन कुजूर, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी)
2 श्री एस.के. धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)
3 श्री रमेश कुमार खैरवार, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
4 श्री रामजीत राम, कार्यालय सदस्य
5 श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रयोगशाला तकनीशियन

IQAC
संयोजक

प्राचार्य
शासकीय [illegible] महाविद्यालय
रामानुजगंज [illegible] रामानुजगंज (छ0ग0)

प्राचार्य
शा0 लरंगसाय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय रामानुजगंज

Govt Larang Sai P.G. College Ramanujganj (C.G.)
AISHE
C-9753